# डिफेंस कॉरिडोर व औद्योगिक क्षेत्र 450 करोड़ से चमकेंगे

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश सरकार ने औद्योगिक क्षेत्रों का विस्तार करने के साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में विकास कार्य कराए जाने का निर्णय लिया है। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने गाजियाबाद के औद्योगिक क्षेत्रों और झांसी व चित्रकूट, अलीगढ़ और आगरा के रक्षा गलियारों में विकास के लिए 450 करोड़ की धनराशि जारी की।

इससे गाजियाबाद नगर निगम तहत साहिबाबाद, लोहा मण्डी, साउथ साइड जीटी रोड, बुलन्दशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र में पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान के तहत संचालित होने वाली योजनाओं के लिए निर्धारित रिवाल्विंग



**औद्योगिक विकास मंत्री नंदी ने दिया धनराशि देने का आदेश**

फण्ड में प्राविधानित 207 करोड़ की धनराशि से विकास कार्य कराया जाएगा। स्वीकृत धनराशि से गाजियाबाद के औद्योगिक क्षेत्रों में सीसी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, स्ट्रीट लाइट आदि लगाने का कार्य किया जाएगा। डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर झांसी नोड की सड़कों के लिए 31 करोड़ 66 लाख रुपये जारी करने का आदेश दिया।